हैं। महोदय, पूरे तीन जनपद इस से प्रभावित होते हैं - बिजनौर, ज्योति बा फुले नगर और गजरौला के लोग इस से प्रभावित होते हैं। महोदय, गजरौला एक बहुत बड़ा जंक्शन है और बहुत बड़ी औद्योगिक नगरी है, मेरा आप से अनुरोध है कि इन दोनों गाड़ियों का स्टॉप गजरौला के अंदर जरूर करवाएं। मेरा यह भी अनुरोध है कि इटावा से सैफई होकर मैनपुरी का जो रेलवे लाइन का ट्रैक बनना है, वह चालू तो हुआ है, लेकिन उस की गति कछुआ की चाल जैसी है। मेरा आप से अनुरोध है कि आप इस के जल्द निर्माण का शीघ्र आदेश करने का कष्ट करें। साथ ही अमरोहा जो एक ऐतिहासिक नगर है और गजरौला से हरिद्वार होकर पूरे पश्चिमी उत्तर प्रदेश के लोग जाते हैं, वहां जो एक फ्लाई-ओवर की मांग है, वे स्वीकृत हो चुके हैं, लेकिन आज तक उन का काम चालू नहीं हुआ है।

THE VICE CHAIRMAN (PROF. P.J. KURIAN): Mr. Akhtar, please conclude in two minutes. You have two minutes more.

श्री कमाल अख्तर : आप उसे जल्द पूरा करवाएं। मैं आपसे यह भी अनुरोध करूंगा कि जनपद फिरोजाबाद में शिकोहाबाद के लोग लगातार मांग कर रहे हैं और उन्होंने काफी वर्षों तक आंदोलन भी किया है। वहां उन की फ्लाईओवर की मांग है। वहां जो बरेली और ग्वालियर को जाने वाला रोड है, जहां के नागरिकों को भी बहुत असुविधा होती है, मेरा आप से अनुरोध है कि उसे शीघ्र बनाने का आदेश करेंगे।

मैं इसी उम्मीद के साथ, आप को बहुत-बहुत धन्यवाद देता हूं।

THE VICE-CHAIRMAN (PROF. P.J. KURIAN): Now, Mr. Palanimanickam to lay papers on the Table of the House.

PAPERS LAID ON THE TABLE - *Contd.*

Notification of the Ministry of Finance

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF FINANCE (SHRI S.S. PALANIMANICKAM): Sir, I beg to lay on the Table, under sub-section (2) of section 38 of the Central Excise Act, 1944, a copy (in English and Hindi) of the Ministry of Finance (Department of Revenue) Notification No. 32/2005-Central Excise, dated the 17th August, 2005, seeking to exempt excise duty on Cement and Steel used in the construction of residential houses, by way of refund, in Tsunami affected districts of States of Tamil Nadu, Andhra Pradesh, Kerala and Union Territories of Pondicherry and Andaman and Nicobar Islands by approved construction agencies, together with an Explanatory Memorandum on the Notification. [Placed in Library. *See* No. LT. 2637/05]

5.00 P.M.

SHRI V. NARAYANASAMY (Pondicherry): Sir, I am grateful to the hon. Minister for giving this concession to the Tsunami-affected people. We are grateful to the Prime Minister, the hon. Finance Minister and the hon. Minister.

SHRI JAIRAM RAMESH (Andhra Pradesh): Sir, will it be extended to the flood-affected areas of Maharashtra?

SHRI S.S. PALANIMANICKAM: If a request comes, we will consider it.

SHRI JAIRAM RAMESH: Sir, I want to make a request that it should be extended to the flood-affected areas of Maharashtra and Karnataka also. ...*(Interruptions)*...

SHRI V. NARAYANASMAY: The Prime Minister has already said that they would also be considered as Tsunami-affected people.

GOVERNMENT BILLS

The Appropriation (Railways) No. 3

and

The Appropriation (Railways) No. 4 - *Contd.*

THE VICE-CHAIRMAN (PROF. P.J. KURIAN): Shri Lekhraj Bachani, please, conclude within five minutes.

श्री लेखराज बचानी (गुजरात) : माननीय उपसभाध्यक्ष जी, मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी का ध्यान कुछ बातों की ओर दिलाना चाहता हूँ। एक तो यह है कि रेलवे ने गेज कन्वर्जन से पहले प्रॉमिस किया था कि ब्रॉड गेज़ होगा, आपकी जो भी सुविधा है, उसमें कटौती नहीं होगी, लेकिन सुविधा ज्यादा होगी। मैं आपके माध्यम से इस हाउस के सब मेम्बरों को भी यह कहना चाहता हूँ कि कन्वर्जन के पहले वेस्टर्न रेलवे में अहमदाबाद से दिल्ली के लिए बड़े डिस्टेंस की, 1 हजार किलोमीटर से ज्यादा की, तीन गाड़ियाँ थीं। मंत्री जी, कन्वर्जन तो हो गया, लेकिन वे गाड़ियाँ, जो डिस्कंटिन्यू हुई थीं, आज तक री-इन्ट्रोड्यूस नहीं हुई हैं। लास्ट बजट में जब मैंने यह बात कही थी, तो मिस्टर वेलू ने मुझे हाउस में तो एश्योरेंस नहीं दिया, लेकिन लॉबी में जब हम दोनों मिले तो मिस्टर वेलू ने कहा था कि आप तीन गाड़ियों की बात कहते हैं, लेकिन आपका मिनिमम डिमांड एक गाड़ी का है, तो हम उस पर विचार करेंगे। मैं अभी भी तीन गाड़ियों के लिए नहीं कहता हूँ। यह आपकी मोरल ड्यूटी है। It is your moral duty, Sir. The trains, which were discontinued, must be re-introduced after